1 korba-pg1_Layout 1 5/1/2025 11:44 PM Page 1

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 2 मई 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री

4 सफेद हाथी साबित हुआ गैस शवदाह गृह



## खबर संक्षेप

### नगर निगम की सामान्य सभा आज

**कोरबा।** नगर पालिक निगम की साधारण सभा 2 मई की सुबह 11 बजे पं.जवाहरलाल नेहरू सभागार में आहूत की गई है, जिसमें विभिन्न विषयों से संबंधित प्रस्तावों पर मुहर लगाई जाएंगी।

### 10 से 20 मई के बीच 10वीं 12वीं के परिणाम संभावित

**कोरबा।** सीबीएसई बोर्ड के परीक्षार्थियों को अब परिणाम का इंतजार को चला है। मई माह की शुरुआत के साथ ही उनकी धडक़नें भी तेज हो गई है। माना जा रहा है कि परीक्षा परिणाम 10 से 20 मई के बीच कभी भी जारी किए जा सकते हैं। सेंट्रल बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन (सीबीएसई) से दसवीं और बारहवीं बोर्ड एग्जाम में भाग लेने वाले छात्रों को अब रिजल्ट जारी होने का बेसब्री से इंतजार है। रिपोर्ट्स और पिछले वर्ष के पैटर्न के मुताबिक सीबीएसई सेकेंडरी रिजल्ट 10 से 15 मई के बीच और सीनियर सेकेंडरी रिजल्ट 12 से 20 मई के बीच कभी भी घोषित किया जा सकता है। सीबीएसई की ओर से ऑफिशियल डेट की जानकारी जल्द ही आधिकारिक वेबसाइट पर प्रदान की जाएगी।

### एनसीसी कमांडिंग ऑफिसर ने विद्यालय का किया दौरा

कोरबा। वन छग बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल सेंथिल कुमार और सूबेदार मेजर डूंगर सिंह ने जवाहर नवोदय विद्यालय कोरबा का दौरा किया किया। उन्होंने विद्यालय पहुंचकर प्राचार्य राजू दुबे से मुलाकात की।विद्यालय में चलने वाले एनसीसी क्रियाकलापों के बारे में विचार विमर्श किया। उन्होंने एनसीसी कैडेट से मिलकर उनसे एनसीसी गतिविधियों से संबंधित फीडबैक भी प्राप्त किया। कर्नल कुमार ने विद्यालय के एनसीसी गतिविधियों से संतुष्टि जताई और भविष्य में बच्चों को एनसीसी के माध्यम से भारतीय सेना भर्ती के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय एनसीसी अधिकारी थर्ड ऑफिसर रितेश भोसले ने उन्हें विद्यालय के एनसीसी कैडेट की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### चोटिया में 60 हाथियों के विचरण से ग्रामीणों में दहशत

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज अंतर्गत चोटिया क्षेत्र में 60 की संख्या में हाथी मौजूद हैं। बड़ी संख्या में हाथियों के क्षेत्र में पहुंचने और विचरण करने से जहां ग्रामीणों में दहशत का माहौल है, वहीं वन विभाग भी सतर्कता बरतते हुए हाथियों की निगरानी में जुट गया है। हाथियों की मौजूदगी वाले क्षेत्र में स्थित गांव के लोगों को हाथियों की मौजूदगी की जानकारी देने के साथ ही उन्हें सावधानी बरतने को कहा जा रहा है। हाथियों ने केंदई वन परिक्षेत्र को अपना डेरा बना लिया है। बीच-बीच में वे पास में स्थित पसान एतमानगर तथा जटगा रेंज पहुंच जाते हैं, लेकिन एक-दो दिन वहां भ्रमण करने के बाद पुनः वापस लौटकर केंदई रेंज में डेरा डाल देते हैं। है। हाथियों की सक्रियता को देखते हुए जनहानि की आशंका बनी हुई है।

### बेमौसम बारिश से आम की फसल पर आई आफत

**कोरबा।** जिले भर में बेमौसम बारिश हुई। जिसके कारण फसल को नुकसान पहुंचा है। कुछ फसलों को छोड़ दें तो बारिश के साथ आई आंधी ने किसानों को मायूस कर दिया है। जिले के करतला ब्लॉक में बड़े पैमाने पर किसान आम की खेती करते हैं।अब जब आम पकने को हैं तो तेज बारिश और तूफान के कारण आम पेड़ों से नीचे झड़ गए। जिसके कारण कई किसानों को नुकसान उठाना पड़ेगा। एक अनुमान के मुताबिक बेमौसम बारिश की वजह से आम की फसल को 20 फीसदी नुकसान हुआ है लेकिन किसानों ने इस नुकसान को फायदे में बदलने का तरीका ढूंढ निकाला है। करतला ब्लॉक के अलग-अलग गांव में किसानों के 2925 एकड़ खेत में आम के बागान मौजूद हैं।

# पर्यटन केन्द्र बुका में वन विभाग पर्यटकों के लिए तैयार करेगा एविफौना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

घने वनों से अच्छादित कटघोरा वनमंडल और बांगो डूबान क्षेत्र जहां विभिन्न प्रकार के पक्षियों का बसेरा भी है। अक्सर पक्षी बांगो डूबान क्षेत्र में नजर आते हैं। इन पक्षियों की चहचहाहट व उनका दीदार कर सके इस दिशा पर वन विभाग प्रयास कर रहा है। बताया जाता है कि दूर दराज से आने वाले पर्यटक अब इन पक्षियों को देख सकेंगे और उनकी चहचहाहट भी सुन सकेंगे और इसके बारे में जान सकेंगे। इसके लिए वन विभाग बुका में पक्षियों का आशियाना (एविफौना) तैयार करने जा रहा है। जहां पक्षी स्वच्छंद वातावरण में घूम सकेंगे और पर्यटक उनको देख भी सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय से लगभग 70 किलोमीटर दूर कटघोरा वनमंडल के अंतर्गत आने वाले बांगो डूबान का क्षेत्र का एक हिस्सा बुका की सुंदरता देखते ही बनती है। जिसका नाम सुनकर लोग पर्यटन के लिए बड़ी संख्या में पहुंचते हैं और जमकर आनंद भी उठाते हैं। इस पर्यटन केंद्र को बेहतर और कैसा बनाया जा सके इस दिशा पर लगातार वन विभाग प्रयास कर रहा है। बताया जाता है कि कटघोरा वनमंडल अधिकारी कुमार निशांत बांगो डूबान क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बुका पर्यटन केंद्र में पक्षियों के लिए घरौंदा (एविफौना) तैयार करने की दिशा पर प्रयास किया जा रहा है। बताया जाता है कि बुका और उसके आसपास बांगो डूबान के क्षेत्र में बहुत सारे दुर्लभ प्रजाति के पक्षियों का बसेरा रहता है। इन पक्षियों को बांगो डूबान के क्षेत्र में खाने पीने की सारी सुविधाएं मिलती हैं। बांगो डूबान का क्षेत्र होने की वजह से डूबान क्षेत्र में इन्हें विभिन्न प्रकार के मछली, झींगा, मेंढक सहित अनेक प्रकार के खाद्य पदार्थ मिलते हैं इसलिए यह पक्षी अक्सर इसी इलाके में विचरण करते रहते हैं। वन विभाग अब इन पक्षियों को इस क्षेत्र में और बेहतर आशियाना मिल सके इस दिशा पर प्रयास कर रहा है। बताया जाता है कि बुका के पहाड़ी क्षेत्र में इन पक्षियों को अच्छा घर आशियाना मिल सके इसके लिए विभाग एक प्रस्ताव तैयार किया है और आला अधिकारियों से स्वीकृति मिलने के बाद यहां इन पक्षियों के लिए एक नया घरौंदा बनकर तैयार होगा जो पूरी तरह से पक्षियों के अनुकूल रहेगा। जहां ये पक्षी स्वच्छंद वातावरण में घूम सकेंगे और दूर दराज से आने वाले पर्यटक इन पक्षियों का दीदार भी कर सकेंगे और उनकी चहचहाहट की आवाज भी सुन सकेंगे।

## छग सहित प्रवासी पक्षियों के बारे में मिलेगी सारी जानकारी

**खास बातें**

- हर वर्ष शरद ऋतु में हजारों की तादात में बुका पहुंचते हैं पर्यटक
- जल्द शुरु होगा काम, तैयारी हुई शुरु



**चल रही तैयारी**

बुका पर्यटन केंद्र में आने वाले पर्यटकों को छत्तीसगढ़ में पाए जाने वाले पक्षी सहित प्रवासी पक्षी जो छत्तीसगढ़ में आते हैं इन सभी पक्षियों के बारे में एक ही स्थान पर सारी जानकारियां मिल सके इसके लिए एबी फोना तैयार किया जा रहा है। जिसमें पक्षी भी स्वच्छंत वातावरण में घूम सकेंगे। आने वाले दिनों में जल्द ही इसका काम शुरु होगा।
**कुमार निशांत,** कटघोरा वनमंडल अधिकारी

## कार्यालयों में फर्जी पीएफ चालान प्रस्तुत कर बिना सत्यापन के ही किया भुगतान प्राप्त

# एसईसीएल में पीएफ घोटाला, दो ठेकेदारों के खिलाफ जुर्म दर्ज, 217 को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की विभिन्न परियोजनाओं में नियोजित ठेकेदारों द्वारा पीएफ में घोटाले का मामला सामने आया है। भविष्य निधि कार्यालय (ईपीएफओ) ने मामले का खुलासा किया है, जिसके बाद दो ठेकेदारों के खिलाफ जुर्म दर्ज करने के साथ 217 ठेकेदारों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

**खास बात**

- जिले में संचालित एसईसीएल की चार और मनेन्द्रगढ़ की एक परियोजना परियोजना में 219 ठेकेदारों ने की है गड़बड़ी

ईपीएफओ ने अपनी जांच रिपोर्ट में कहा है कि एसईसीएल के अंतर्गत काम कर रहे अधिकतर ठेकेदारों ने कर्मचारी भविष्य निधि व विविध उपबंध अधिनियम 1952 के प्रावधानों का उल्लंघन किया हैं। इन ठेकेदारों ने पात्र कर्मचारियों से काम तो लिए पर उनका न तो पंजीयन कराया और ना ही उनके नियमित योगदान की राशि ही भविष्य निधि कार्यालय में जमा कराई। यही नहीं उक्त ठेकेदारों द्वारा आवश्यक रिटर्न तक दाखिल नहीं कर कर्मचारियों के हितों का उल्लंघन करते हुए शासन के मद की राशि भी जमा नहीं कर क्षति पहुंचाया जा रहा है। ठेकेदारों ने एसईसीएल के संबंधित परियोजनाओं के कार्यालयों में फर्जी पीएफ चालान प्रस्तुत कर बिना सत्यापन के ही भुगतान प्राप्त करते रहे हैं। ईपीएफओ ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा है कि कानून की धारा 4ए के तहत एसईसीएल मुख्य नियोक्ता के रूप में अपने ठेकेदारों की वैधानिक जिम्मेदारियों की निगरानी करने का उत्तरदायी है। एसईसीएल इस कर्तव्य के निर्वहन में पूरी तरह असफल रहा है और बिना पर्याप्त जांच के ठेकेदारों के बिल पास किए जा रहे हैं। जांच के दौरान 2 गंभीर मामले सामने आए हैं, जिनमें ठेकेदारों ने फर्जी पीएफ चालान प्रस्तुत किए।




फाइल फोटो

**प्रबंधन कार्रवाई करेगा**

ठेका कंपनियों व एसईसील के साथ हुए कांटेक्ट में सभी नियमों का उल्लेख रहता है। नियमानुसार पीएफ जमा नहीं करने वारे ठेकेदारों के खिलाफ प्रबंधन सख्त कार्रवाई करेगा। रीजनल कमिश्नर जबलपुर व बिलासपुर के साथ बैठक की गई है।
**-डॉ.सनीषचंद,** पीआरओ एसईसीएल

### पांच परियोजनाओं में की गई गड़बड़ी

मजदूरों के भविष्य निधि के मामले में नियमों का पालन नहीं करने वालों में एसईसीएल की 5 परियोजनाओं के ठेकेदार शामिल हैं। इनमें एसईसीएल कोरबा के 10 ठेकेदार, गेवरा 40, कुसमुंडा 61, दीपका 41 ठेकेदारों के साथ एसईसीएल की मनेंद्रगढ़ परियोजना में कार्यरत 67 ठेकेदार के नाम शामिल हैं। जिन्होंने नियोजित कर्मचारियों के साथ न्याय नहीं किया, 21 मार्च को उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बिभू दत्ता गुरु की पीठ ने यह निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता व्यक्तिगत रूप से पीएफ आयुक्त के समक्ष नया प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद पीएफ आयुक्त को 30 दिनों के भीतर मामले का परीक्षण कर कानून के अनुसार निर्णय लेने कहा है। दायर याचिका में उल्लेख किया था कि ठेकेदारों के माध्यम से कार्य करा रहे कर्मचारियों को पीएफ और अन्य सामाजिक सुरक्षा लाभनहीं मिल रहे हैं।

### दायर की गई थी याचिका

उल्लेखनीय है कि एसईसीएल के 10 ठेका श्रमिकों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर किया था, जिसमें ठेकेदारों के माध्यम से कार्य करा रहे कर्मचारियों को पीएफ और अन्य सुरक्षा लाभ नहीं देने का उल्लेख किया है। साथ ही एसईसीएल के कोयला परिवहन कार्य में 7 वर्षों से सेवा दे रहे हैं, लेकिन उन्हें पीएफ का लाभ नहीं दिए जाने पर एसईसीएल को पीएफ अधिनियम 1952 की धारा 7ए के तहत कार्रवाई के लिए निर्देशित करने की मांग की गई थी। पूर्व में भी यह मामला एमपी उच्च न्यायालय में उठाया गया था, जिसके बाद श्रमायुक्त ने सुनवाई की थी। ईपीएफओ ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि समय-सीमा में उक्त निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो एसईसीएल के खिलाफ भारी जुर्माना, ब्याज और और अभियोजन की कार्रवाई की जाएगी।

# शराब पीने के लिए नहीं दिए पैसे तो डंडे से पीटकर महिला की हत्या



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवक ने पड़ोस में रहने वाली महिला के घर पहुंचकर शराब पीने के लिए पैसे की डिमांड की थी। जब महिला ने पैसे देने से इंकार कर दिया तो युवक ने डंडे से महिला के सिर पर प्राणघातक हमला कर दिया था जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

श्यांग थाना क्षेत्र के ग्राम छिरहुट निवासी बीरसिंह मंझवार उम्र 55 वर्ष पिता बुधवार मंझवार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि 30 अप्रेल की सुबह लगभग 11:30 बजे उसकी बुआ इतवारी मंझवार के चिल्लाने की अवाज को सुनकर वह और रतियाना बाई उसके घर में जाकर देखे तो इतवारी बाई मंझवार के सिर से खून निकल रहा था। जिसे घटना के बारे में पूछने पर उसने बताया कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसके घर में घुसकर गाली गलौच करते हुए उसके सिर में डंडा से वार कर दिया है। मारपीट से दाहिने आख एवं माथे में चोट आयी है। मारने के बाद वह भाग गया तब उसने डायल-112 को फोन किया और श्यांग के अस्पताल में भर्ती कराया। मामले की रिपौर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 294, 506, 323, 452 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन कर रही थी। घटना के बाद इतवारी मंझवार को उपचार के लिए जिला अस्पताल कोरबा में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान 1 मई को ईलाज दौरान उसकी मौत हो गयी। मामले के ग्राम छिरहुट निवासी धोबी राम मंझवार उम्र 23 वर्ष पिता उजित राम मंझवार घटना कारित कर घटना दिनांक से फरार था। जिसे मुखबीर की सूचना पर 30 अप्रेल को उसे गिरफ्तार कर घटना के संबंध में पूछताछ किया गया तो आरोपी धोबीराम ने इतवारी बाई मंझवार को शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने की बात पर जान से मारने की नियत से डंडा से सिर में मार कर गंभीर चोट पहुंचाना बताया है। महिला इतवारी बाई की मौत होने पर आरोपी के विरुद्ध पृथक से धारा 302 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

# माइक्रो फाइनेंस कंपनी का रिकवरी एजेंट पहुंचा था धमकाने, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

फ्लोरा मैक्स नामक कंपनी में ठगी का मामला सामने आने के बाद इसमें 100 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी की घटना को अंजाम दिया गया है। प्रशासन की हिदायत के बाद भी माइक्रो फाइनेंस कंपनी के एजेंट ठगी की शिकार महिलाओं के घर पहुंचकर उन्हें धमकाने का काम कर रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ पुलिस लगातार मामला दर्ज कर रही है। नया मामला सामने आने के बाद पुलिस ने माइक्रोफाइनेंस एजेंट के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश में जिले के सभी थाना चौकी पुलिस के द्वारा जिले में कार्यरत विभिन्न माइक्रो फाइनेंस कंपनियों के एजेंट द्वारा फ्लोरा मैक्स कंपनी की ठगी की शिकार महिलाओं को लोन रिकवरी के नाम पर धमकाए जाने पर एजेंटों के विरुद्ध सतत विधिसम्मत कार्यवाही की जा रही है। अब तक जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 11 एफआईआर दर्ज की गई हैं। इसी कड़ी में सर्वमंगला चौकी में प्रार्थी राजकुमारी केवट ने एक लिखित शिकायत दिया कि अमर सिंह ठाकुर उसके घर के पास आकर गाली गलौच कर मारपीट किया है। शिकायत पर सर्वमंगला चौकी ने आरोपी सुभाष चौक के आगे एचडीएफसी बैंक निहारिका निवासी अमर सिंह ठाकुर के विरुद्ध धारा 296, 351(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# एनएच-130 के किनारे अवैध अतिक्रमण पर प्रशासन हुआ सख्त, जल्द होगी बेदखली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्र में नेशनल हाईवे-130 के किनारे अवैध अतिक्रमण को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। तहसीलदार कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जल्द ही अतिक्रमणकारियों को बेदखली का नोटिस जारी किया जाएगा। प्रशासन का कहना है कि ये अवैध कब्जे न केवल राजस्व नियमों का उल्लंघन हैं बल्कि जनसुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा बन चुके हैं।

**खास बात**

- पोड़ी उपरोड़ा तहसीलदार की सख्त चेतावनी

गौरतलब है कि अम्बिकापुर-बिलासपुर मार्ग पर स्थित यह हाईवे रामपुर ग्राम पंचायत से होकर गुजरता है। चकचकवा पहाड़ी के पास बने चौराहे के दोनों ओर धार्मिक स्थल हैं और यहीं से कटघोरा मार्ग भी निकलता है, जिस कारण इस क्षेत्र में भारी यातायात दबाव बना रहता है। ऐसे में सड़क किनारे हुए अतिक्रमण, विशेष रूप से जबरन बनाए गए मकान, दुर्घटनाओं की आशंका को बढ़ा रहे हैं। तहसीलदार कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि हाईवे किनारे किए गए निर्माण पूरी तरह अवैध हैं और इन्हें शीघ्र हटाया जाएगा। प्रशासन ने मामले की जांच कर ली है और सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। अब केवल बेदखली आदेश जारी करने की प्रक्रिया शेष है। स्थानीय ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने भी इन अतिक्रमणों को अनुचित माना है। वर्तमान ग्राम प्रधान ने कहा कि यह अतिक्रमण उनके कार्यकाल में नहीं हुआ है, लेकिन वे भी मानते हैं कि हाइवे के किनारे मकान बनाना सुरक्षा की दृष्टि से उचित नहीं है। उन्होंने प्रशासन से उचित कार्रवाई की उम्मीद जताई है। पूर्व में भी इसी हाईवे पर किए गए एक अवैध निर्माण को प्रशासन ने हटाया था। जानकारों का कहना है कि यदि समय रहते यह कार्रवाई नहीं की गई, तो आगे कोई बड़ा हादसा हो सकता है। अतः जनहित में यह आवश्यक हो गया है कि अतिक्रमण को हटाकर सड़क को सुरक्षित बनाया जाए।

## अस्पताल में पदस्थ हैं 13 चिकित्सक, अब तक शुरू नहीं हुआ आईपीडी

# ईएसआईसी अस्पताल बन गया रेफरल सेंटर, नहीं है एक भी विशेषज्ञ चिकित्सक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

करोड़ों की लागत से निर्मित ईएसआईसी अस्पताल महज एक रेफरल सेंटर बनकर रह गया है। बीमित मजदूरों को खानापूर्ति की तरह ओपीडी की सुविधा मिल रही है, लेकिन वहां भी विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं मिलते। जिसकी वजह से उपचार के लिए पहुंचे मरीजों को उच्च चिकित्सकीय सुविधा के लिए दीगर अस्पतालों में रेफर कर दिया जाता है।

ईएसआईसी अस्पताल में एक डेंटिस्ट और एक आई स्पेशलिस्ट की पदस्थापना है। जूनियर और सीनियर को मिलाकर कुल 13 चिकित्सक हैं, लेकिन वह भी विशेषज्ञ नहीं हैं। ज्यादातर चिकित्सक एक साल के लिए कॉन्ट्रैक्ट पीरियड पर हैं। इसके अलावा अस्पताल में किसी भी तरह के कोई सुविधा नहीं है। एक्स-रे और सोनोग्राफी जैसी सुविधाओं के लिए भी मजदूरों को निजी अस्पतालों की ओर रुख करना पड़ता है। ईएसआईसी के 100 बेड अस्पताल में एडमिनिस्ट्रेशन लेवल पर मेडिकल सुपरिंटेंडेंट (एमएस), असिस्टेंट मेडिकल सुपरिंटेंडेंट, डिप्टी डायरेक्टर सहित उच्च स्तर के लिए कल 28 पद स्वीकृत हैं। जिले में एमएस के साथ ही असिस्टेंट डायरेक्टर और कुछ ही पदों पर अफसर नियुक्त किए गए हैं। इसी तरह स्पेशलिस्ट चिकित्सकों के 14 रेगुलर और 5 कांट्रैक्ट बेसिस के पद स्वीकृत किए गए हैं। एनेस्थीसिया, चेस्ट(पलमोनरी) डेंटल, डर्मेटोलॉजी, ईएनटी, जनरल मेडिसिन, आई, जनरल सर्जरी, ओबेसिटी एंड गाइनेकोलॉजिस्ट, ऑर्थोपेडिक्स, पीडियाट्रिक्स, पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी स्तर के डॉक्टर्स के पद स्वीकृत हैं। इसी तरह जनरल ड्यूटी और मेडिकल ऑपरेशंस के लिए डॉक्टरों के 38 पद स्वीकृत हैं। ईएसआईसी अस्पताल के असिस्टेंट डायरेक्टर देवव्रत सरकार का कहना है कि हमारी सबसे बड़ी समस्या है कि हमें विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं मिल रहे हैं। हम लोकल लेवल पर भी चिकित्सकों की भर्ती करने को तैयार हैं, हर महीने इसके लिए विज्ञापन भी निकालते हैं। लेकिन डॉक्टर नहीं मिलते। यही कारण है कि हम आईपीडी शुरू नहीं कर पा रहे हैं। मरीजों को भर्ती नहीं कर पाते। ओपीडी के लिए हमारे पास कांट्रेक्चुअल के साथ ही कुछ चिकित्सक हैं। जिनके माध्यम से हम ओपीडी में इलाज करते हैं। प्रतिदिन औसतन 40 से 42 मरीज ओपीडी में आते हैं। एक कैजुअल्टी भी है, जहां हम अधिकतम एक या दो घंटे तक ही मरीजों को रख पाते हैं। इसके बाद हम इन्हें रेफर कर देते हैं। दो निजी अस्पताल एनकेएच और बालको से हमारा अनुबंध है। यहां हम मरीजों जो रेफर करते हैं।



ईएसआईसी अस्पताल।

### लापरवाही पर ग्राम सचिव को नोटिस जारी

**कोरबा।** पवन कुमार राठिया सचिव ग्राम पंचायत सोलवां, जनपद पंचायत कोरबा के द्वारा ग्राम पंचायत सोलवां के आश्रित ग्राम छुईढोढ़ा की महिलाओं के द्वारा महतारी वंदन योजना के प्राप्त आवेदन पत्रों को ऑनलाईन एंट्री नहीं कराये जाने के कारण लगभग 40 पात्र हितग्राहियों को महतारी वंदन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। श्री राठिया सचिव ग्राम पंचायत सोलवां का कार्य अत्यंत निराशाजनक है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग के द्वारा पवन कुमार राठिया सचिव ग्राम पंचायत सोलवां, जनपद पंचायत कोरबा को महतारी वंदन योजना के कार्य में लापरवाही बरतने एवं सचिव पदीय कर्तव्यों में उदासीनता के फलस्वरूप भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न करने हेतु चेतावनी पत्र जारी किया गया है।

## खबर संक्षेप

### नहाते समय नदी में डूबकर युवक की मौत

**बिलासपुर**। नहाते समय डूबकर एक युवक की मौत हो गई है। पुलिस जांच में जुट गई है। रतनपुर टीआई नरेश चौहान ने बताया, छेरकाबांधा निवासी मणीशंकर बिंझवार पिता सौखीलाल 23 साल शाम के समय अरपा नदी में नहा रहे थे। गहराई में जाने से बहाव में आकर डूब गए। शोर मचाने पर गांव के लोगों ने नदी में छलांग लगाकर उन्हें बाहर निकाले और इलाज के लिए रतनपुर अस्पताल लेकर आए, जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है।

### वकील की कार का ग्लास तोड़ा, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर**। सदर बाजार में दुकान के सामने कार खड़े करना वकील को महंगा पड़ गया। दुकान के दो युवकों ने उन्हें कार खड़े करने से मना किया, नहीं हटाने पर पत्थर मारकर कार का कांच तोड़ दिया। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, नर्मदा नगर निवासी वकील कपिल मैनी पिता डा. अनिल कुमार मैनी 30 अपैल को आनी पत्नी के साथ सामान खरीदने सदर बाजार गए थे। शाम 7.45 बजे वे अपनी कार क्रमांक सीजी 10 एयू, 3865 में बैठे हुए थे। उनकी पत्नी पास के दुकान से आ रही थीं। उन्होंने उन्हें लेने के लिए राजेश मेटल के सामने अपनी गाड़ी रोकी, उनके साथ उनका एक साल का बेटा भी था। राजेश मेटल से दो व्यक्ति बाहर निकले उन्हें कार हटाने के लिए कहा तथा गाली गलौज करने लगे। उन्होंने गाली देने से मना किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए पत्थर उठाकर उनकी कार के पीछे लगे ग्लास में मार दिया। जिससे ग्लास क्षतिग्रस्त हो गया। उनकी पत्नी ने विरोध किया तो उनके साथ भी दोनो व्यक्तियों के द्वारा दुर्व्यवहार किया गया है।

### घुटकू और जूनाडीह में बेपटरी हुई मालगाड़ी

**बिलासपुर**। बुधवार की रात घुटकू और जूनाडीह में मालगाड़ी बेपटरी हो गई, जिसे पटरी पर लाने के लिए करीब दो घंटे से अधिक मशक्कत करना पड़ा। जानकारी के अनुसार घुटकू साइडिंग में एक एन बॉक्स मालगाड़ी लाइन नम्बर दो से रवाना की गई थी। इस गाड़ी को लोको पायलट अजय कुमार चल रहे थे। रात 10 बजे लाइन नम्बर दो पर चल रही मालगाड़ी के दो पहिए बेपटरी हो गए। इसका सूचना मिलते ही लाइन पर से करंट सप्लाई बंद कर संबंधित विभाग को सूचित किया गया। रात 10 बजकर 55 मिनट पर बिलासपुर से एक एआरटी घुटकू स्टेशन साइडिंग के लिए रवाना हुई, जहां पहुंचने के बाद बेपटरी हुई मालगाड़ी के पहिए को पटरी पर लाने के लिए दो घंटे से अधिक का समय लग गया। इसी तरह जूनाडीह साइडिंग में रात 9 बजकर 30 मिनट पर मालगाड़ी के दो पहिए पटरी से उतर गए थे।

**14 हजार 500 स्ट्रीट लाइट तो 750 खंभे लगाए जाने हैं, एक मई थी अंतिम तारीख** | **निगम ने नए सिरे से 5 करोड़ 48 लाख 27 हजार रुपए का नया टेंडर जारी किया**

# शहर में 14 हजार से अधिक स्ट्रीट लाइट खराब, अधिकांश क्षेत्र अंधेरे में, साढ़े पांच करोड़ का टेंडर भी निरस्त कर दिया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में 14 हजार से अधिक स्ट्रीट लाइटें खराब हैं और अधिकांश क्षेत्र अंधेरे में डूबे हुए हैं। निगम ने इसके सुधार के लिए साढ़े पांच करोड़ रुपए का टेंडर जारी किया था। इस टेंडर में तकनीकि त्रुटि और निगम को हो रहे वित्तीय नुकसान के बाद रद्द कर दिया गया है। इसके बाद निगम ने 5 करोड़ 48 लाख 27 हजार रुपए का नया टेंडर जारी किया है। इसमें 14 हजार 500 स्ट्रीट लाइट तो 750 खंभे लगाए जाने हैं। गुरुवार एक मई 2025 टेंडर भरने की अंतिम तारीख थी। इसके बाद टेंडर ओपन करते हुए वित्तीय बिड देखी जाएगी।

ज्ञात हो कि दिन ढलते ही निगम क्षेत्र की कई सड़कें अंधेरे में समा जा रहीं है। यह स्थिति ज्यादातर उन क्षेत्रों में हैं जो निगम में शामिल हुईं




हैं। 15 हजार से अधिक स्ट्रीट लाइट खराब हुई तो इसे सुधारने के लिए निगम ने साढ़े पांच करोड़ रुपए का टेंडर जारी किया। पार्षदों ने भी मांग की कि शहर के विभिन्न स्थानो में स्थापित पोल खराब स्थिति में आ गए है तथा कई स्थानो में स्ट्रीट लाईट स्थापना कार्य की जरूरत है। इसके लिए एस्टीमेंट तैयार करते हुए टेंडर जारी किया गया। इसमें 4 निविदाकारों ने टेंडर भरा था।

### जांजगीर की कंपनी को मिला था काम

मेसर्स उदय श्री ग्रुप जे.वी जांजगीर ने 2.3 प्रतिशत बिलो रेट भरा और कम दर के हिसाब से टेंडर इस कंपनी को मिल भी गया। इससे पहले की कंपनी को वर्क आर्डर जारी होता इसका विरोध होना शुरू हो गया। पार्षद विजय ताम्रकार ने इसकी लिखित शिकायत भी निगम आयुक्त से करते हुए एमआईसी में उठाया। इसमें कहा गया कि इसी तरीके के दूसरे काम बिलासपुर नगर निगम में ही 28 से 30 प्रतिशत बिलो रेट पर हो रहें है। अधिकारियों ने लेकिन मिलीभगत करते हुए जांजगीर की ठेका कंपनी को 2 प्रतिशत बिलो रेट पर काम दे दिया है। इससे निगम को करीब सवा करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है। 20 से 22 प्रतिशत बिलो रेट पर टेंडर किए जाने से निगम को इस राशि की बचत होगी। अब निगम ने इस पूरे टेंडर को निरस्त करते हुए रि टेंडर किया है। इस टेंडर में भाग लेने की अंतिम तिथि एक मई 2025 थी।

### ईईएसएल का ठेका समाप्त

ज्ञात हो कि स्ट्रीट लाइटों के मेंटेनेंस कर रही ईईएसएल का ठेका अब समाप्त चुका है। अब स्ट्रीट लाइटों के रिपेयरिंग की पूरी जिम्मेदारी निगम की है। निगम ने अपने बिजली विभाग के 15 कर्मचारियों को कंपनी के इसी काम में तैनात कर रखा था। ध्यान रहे कि नगर निगम के दायरे में 34 हजार 330 स्ट्रीट लाइटें हैं। इसमें 28 हजार 563 ईईएसएल और 5767 स्ट्रीट लाइटें निगम की लगवाई हुईं हैं। ईईएसएल का ठेका समाप्त होने के बाद संचालनालय ने निगम से ईईएसएल द्वारा लगाई गई लाइटों की वर्तमान स्थिति की जानकारी मांगी है। इसमें कितनी लाइटें चालू, कितनी बंद या कितनी में तकनीकी खराबी है, इसकी जानकारी मांगी गई है। बताया जा रहा है लाइटों की स्थिति के आधार पर ही बकाया राशि का भुगतान ठेका कंपनी को किया जाएगा।

### बिजली व्यवस्था पर हाईकोर्ट की नाराजगी

स्ट्रीट लाइट खराब होने के साथ ही शहर की चौपट बिजली व्यवस्था पर हाईकोर्ट भी नाराज हो चुका है। निगम आयुक्त की ओर से लिखित शपथपत्र प्रस्तुत कर बताया गया है कि पूरे शहर में बिजली व्यवस्था को ठीक करने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। इसके लिए अलग अलग दल अपना काम करने में जुटे हैं। जिस जगह पर लाइट खराब है उसे सुधारा या बदला जा रहा है।

### काम की गुणवत्ता महत्वपूर्ण है

ठेकेदार अधिक बिलो रेट पर टेंडर लेकर ठीक से काम नहीं करते हैं। इस पर खास ध्यान दिया जा रहा है। काम की गुणवत्ता सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। आपत्ति के बाद स्ट्रीट लाइट लगाने का साढ़े पांच करोड़ का टेंडर निरस्त करते हुए रिटेंडर किया गया है।

- **श्रीमती पूजा विधानी**, महापौर, बिलासपुर

चक्रवाती तूफान का असर, मौसम विभाग ने दी चेतावनी

# मौसम हुआ सुहाना, पारा भी लुढ़का विभाग ने जारी किया यलो अलर्ट





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वैशाख के महीने में आषाढ़ की आंधी चलने से मौसम बदल चुका है। गुरूवार को अंधड़ चलने के बाद मौसम पूरी तरह से सुहाना हो गया। इस दौरान हल्की बारिश भी हुई। जिसके बाद अधिकतम तापमान में सामान्य से कमी आ चुकी है। खास बात यह है कि चक्रवाती तुफान का असर मौसम विभाग पर भी पड़ा है, बताया जा रहा है कि तूफान की चपेट में आने के कारण रायपुर कार्यालय में बिजली संकट पैदा हो चुका है।

मौसम में लगातार परिवर्तन हो रहा है, गुरूवार को जहां सुबह से ही धूप खिली रही, वहीं दोपहर बार अचानक मौसम बदलने लगा और शाम होते-होते आंधी चलने लगी। पश्चिमी विक्षोभ के चलते आगामी 4 से 5 दिनों इसी प्रकार के मौसम का आकलन विभाग द्वारा की जा रही है, ऐसे में प्रदेश के कई हिस्सों के लिए अलर्ट जारी किया गया है।

### अगले 4 दिन होगी हल्की बारिश

बदले मौसम की वजह से गर्मी और उमस से राहत मिल रही है, मौसम विभाग ने अगले 4 दिन अंधड़ और बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान हल्की बौछारें पड़ने का अलर्ट जारी कर दिया है।

### पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में बदलाव

मौसम वैज्ञानिक सुनील गुप्ता के मुताबिक बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी पश्चिमी विक्षोभ की वजह से बने ट्रफ के कारण मौसम में बदलाव हो चुका है। इस दौरान 40 से 60 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चल रही है, जिसके चलते आम जन जीवन भी अस्त व्यस्त हो चुका है।

बिलासपुर के लिए यलो अलर्ट मौसम विभाग द्वारा जारी किया गया है। आम तौर पर इन दिनों 42 से 43 डिग्री के बीच अधिकतम तापमान दर्ज किया जाता है, लेकिन वर्तमान में अधिकतम तापमान 38 डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है। ऐसे में सीधे तौर पर काफी अंतर आ चुका है, लोगों को गर्मी से थोड़ी बहुत राहत भी मिल रही है।

गुरूवार की शाम हल्की बारिश होने के बाद मौसम पूरी तरह से सुहाना हो गया, और लोगों को राहत महसूस हो रही है।



### अंधेरे में कट रहीं रातें, सुधार में लगाते हैं 8 घंटे

बिजली व्यवस्था चरमरा रही है, शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बिजली की आंखमिचौली जारी है, हालत यह है कि कई क्षेत्रों में रात होते ही पॉवर कट हो जाता है, जिसके बाद उपभोक्ताओं को कई घंटों तक अंधेरे में गुजारना पड़ रहा है, वहीं वितरण केन्द्र होने के बाद भी 7 से 8 घंटे तक कर्मचारी सुधार कार्य के लिए नहीं पहुंच रहे हैं, ऐसे में गर्मी और उमस से उपभोक्ताओं को बेचैन होना पड़ रहा है।

मौसम का मिजाज बदलते ही बिजली भी रुला रही है, जहां शहर में बिजली की लुकाछिपी जारी है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी घंटों सप्लाई बाधित होने की नौबत आ रही है। शहर में बिजली संबंधी शिकायत के लिए फ्यूज कॉल सेंटर बनाए गए हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में यह व्यवस्था नहीं है। तिफरा को छोड़ बाकी जगहों पर फ्यूज कॉल सेंटर नहीं है, ऐसे में वितरण केन्द्रों के लाइन स्टाफ और कर्मचारियों के भरोसे ही सप्लाई सुधारी जाती है। बताया जा रहा है कि पिछले 3 दिनों से सकरी, बिरकोना, खमतराई, बहतराई, ढेका, सिलपहरी में बिजली की आवाजाही जारी है। खमतराई में

### यहां बंद रही बिजली

शाम होते ही आंधी तूफान के बाद कई इलाकों में बिजली बंद रही, इस दौरान कतियापारा, जूना बिलासपुर, मसानगंज, अशोक नगर, राजकिशोर नगर, हेमूनगर क्षेत्र में बिजली की समस्या रही, हालांकि 20 से 25 मिनट के अंतराल में बिजली सप्लाई नार्मल कर दी गई। वहीं दोपहर में चांटीडीह, शनिचरी, गांधी चौक के आसपास के क्षेत्रों में कई बार बिजली आती व जाती रही, जिससे उपभोक्ता खासे परेशान रहे।

बुधवार की रात बिजली की लो वोल्टेज की समस्या रही, क्षेत्र के लोगों ने बिजली कर्मचारी से शिकायत भी की, लेकिन इसके बाजवूद सुधार कार्य नहीं हो सका और गुरूवार की दोपहर बाद बिजली बहाल की जा सकी। इसी प्रकार तिफरा क्षेत्र में भी बिजली बंद होने की शिकायत लगातार मिल रही है इस दौरान गैंग की कमी के चलते सुधार कार्य में काफी विलंब होने की शिकायत उपभोक्ता कर रहे है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि एक साथ कई जगहों पर फाल्ट मिलने के कारण सुधार कार्य में देरी होती है।

# वंदेभारत और बरौनी सहित 20 ट्रेनों के पहिए थमेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल मंडल बिलासपुर के बिलासपुर-झारसुगुड़ा के बीच चौथी लाइन के बाद अब नागपुर डिवीजन के राजनांदगांव से कलमना स्टेशन के बीच तीसरी लाइन का काम करने के लिए हावड़ा-मुम्बई की मुख्य ट्रेनों के साथ वंदेभारत और बरौनी सहित 20 से अधिक ट्रेनों को 7 मई तक अलग-अलग दिनों में रद्द करने का निर्णय लिया है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन अंतर्गत नागपुर मंडल के राजनांदगांव से कलमना रेल खंड के बीच तीसरी रेल लाइन को गोंदिया रेलवे स्टेशन से जोडने का कार्य, इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग कार्य 4 मई और 5 एवं 6 मई तक किया जाएगा। रेलवे के अनुसार राजनांदगांव से कलमना तक बनने वाली तीसरी लाइन 228 किलोमीटर है, जिसकी लागत 3544 करोड़ रुपए है। इस कार्य के कारण 50 से अधिक एक्सप्रेस, सुपरफास्ट और पैसेंजर ट्रेनों को रद्द करने का आर्डर दिया गया है। रद्द ट्रेनों के साथ कुछ ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से भी चलाई जाएगी, इसमें 1 मई को 16367 कन्याकुमारी-बनारस एक्सप्रेस बल्लारशाह, नागपुर, इटारसी एवं जबलपुर होकर, 4 मई को 16368 बनारस-कन्याकुमारी एक्सप्रेस जबलपुर, इटारसी, नागपुर एवं बल्लारशाह स्टेशन होकर, 3 मई को 12152 शालीमार-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस कटनी, जबलपुर, इटारसी, भुसावल होकर, 4 मई को 12389 गया-चेन्नई एक्सप्रेस जबलपुर, इटारसी, नागपुर एवं बल्लारशाह स्टेशन होकर, 4 मई को 12389 गया-चेन्नई एक्सप्रेस जबलपुर, इटारसी, नागपुर एवं बल्लारशाह स्टेशन होकर, 5 मई को 20843 बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस कटनी, जबलपुर एवं इटारसी होकर और 5 मई को 12390 चेन्नई-गया एक्सप्रेस बल्लारशाह, नागपुर, इटारसी एवं जबलपुर होकर चलेगी। इसके अलावा 3 से 7 मई तक अप-डाउन गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर, 4 और 6 मई को ओखा-हावड़ा के बीच चलने वाली एक्सप्रेस और लोकमान्य तिलक टर्मिनस-पूरी एक्सप्रेस, 2 और 4 मई को पूरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस, 4 व 6 मई को हावड़ा-छत्रपति शिवाजी टर्मिनल मेल एक्सप्रेस, 2 से 6 मई बरौनी गोंदिया और 3 से 7 मई तक गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस, 3 व 5 मई को हजरत निजामुद्दीन-रायगढ़ गोंडवाना एक्सप्रेस, 4 से 7 मई तक गोंदिया से रायगढ़ के बीच चलने वाली जनशताब्दी एक्सप्रेस आदि ट्रेनें शामिल हैं।



### तीसरी लाइन परियोजना का काम प्रगति पर

राजनांदगांव से कलमना तीसरी लाइन परियोजना की लंबाई 228 किलोमीटर है, जिसे 3544 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया जा रहा है। इस परियोजना में 193 किलोमीटर तीसरी लाइन जुड़ चुके हैं। रिमॉडलिंग के बाद गोंदिया यार्ड में 10 रेल लाइन और 505 रूट होंगे, जिससे यह चार दिशाओं दुर्ग, नागपुर, जबलपुर और बल्हारशाह के लिए गोंदिया स्टेशन प्रमुख जंक्शन बन जाएगा। इसमें 8 पुराने पाइंट्स को हटाने के बाद 16 नए पाइंट्स जोड़ने के साथ 1400 मीटर ट्रैक को बदला गया। 44 ओएचई मास्ट और 4 पोर्टल हटाए गए तथा 55 नए मास्ट व 5 पोर्टल लगाए गए हैं। इस कार्य में 425 श्रमिक, 25 पर्यवेक्षक, 20 इंजीनियर और 12 अधिकारी लगे हुए हैं।

# ब्राह्मण समाज को आबंटित भूमि में 96 अवैध कब्जे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- चिन्हांकन कर बनाया गया नक्शा
- जल्द होगी बेदखली की कार्रवाई

राजस्व विभाग द्वारा खमतराई में ब्राह्मण समाज को भवन निर्माण हेतु आबंटित भूमि चिन्हांकित कर ली गई है। दो एकड़ रकबे वाली इस भूमि पर 96 अवैध कब्जे पाए गए हैं।

राजस्व विभाग द्वारा सभी अवैध कब्जाधारियों को बेदखली का नोटिस जारी किया गया है। अगली कार्यवाही जल्द ही की जाएगी। सरकार से भवन निर्माण के लिए दो एकड़ भूमि प्राप्त करने के बाद ब्राह्मण समाज की गुम हो चुकी भूमि का चिन्हांकन आखिरकार कर लिया गया है। राजस्व विभाग के अनुसार भूमि पर 96 लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर मकान बना लिए हैं। विभाग द्वारा भूमि का नक्शा काटकर अवैध कब्जाधारी सभी 96 लोगों को नोटिस जारी किया गया है। उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार जल्द ही बेदखली की कार्रवाई की जाएगी। इधर खमतराई में अवैध कब्जा कर मकान बनाने वाले 412 कब्जाधारियों को नोटिस जारी करने के मामले में अब तक आधे लोगों ने भी नोटिस का जवाब देने में दिलचस्पी नहीं दिखाई है। इसके विपरीत जिन लोगों ने जवाब प्रस्तुत किए भी हैं, उन्होंने मालिकाना हक संबंधी किसी भी तरह के दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किए हैं। राजस्व विभाग के अनुसार जवाब प्रस्तुत करने के लिए कुछ दिनों का समय देने के बाद उच्चाधिकारियों के निर्देश पर बेदखली की कार्यवाही की जाएगी।

### अब भी निर्माणाधीन हैं कई मकान

खमतराई में अवैध कब्जाधारियों को बेदखल करने की सुगबुगाहट करीब एक वर्ष पूर्व से चल रही है, लेकिन कब्जाधाारियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि किसी भी तरह की कार्रवाई को लेकर उनके मन में भय नहीं है। परिणाम स्वरूप खमतराई में आज की स्थिति में भी नए भवनों का निर्माण जारी है। लोग न केवल नए घर बना रहे हैं, बल्कि उसकी साज-सज्जा में मोटी रकम भी खर्च कर रहे हैं। जबकि इस बात की जानकारी उन्हें भी भलीभांति है कि प्रशासन द्वारा तोड़फोड़ वाली कार्रवाई कभी भी की जा सकती है।

### किया गया है चिन्हांकन

ब्राह्मण समाज को आबंटित भूमि का चिन्हांकन कर लिया गया है। इसमें 96 अवैध कब्जे मिले हैं। खमतराई के नोटिस पाने वाले बेजा-कब्जाधारियों में से आधे के भी जवाब अभी नहीं आए हैं। उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार बेदखली की कार्रवाई की जाएगी।

-राहुल शर्मा, नायब तहसीलदार बिलासपुर

### बिलासपुर-रींवा एक्सप्रेस में अतिरिक्त स्लीपर कोच

**बिलासपुर**। रेलवे ने यात्रियों को बेहतर सफर की सुविधा और अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए बिलासपुर से रींवा के बीच चलने वाली एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाने का निर्णय लिया है।

18247/18248 बिलासपुर-रींवा एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा 1 से 31 मई तक और रींवा से 2 मई से 1 जून तक यात्रियों के लिए उपलब्ध रहेगा, जिससे वेटिंग में सफर करने वाले यात्रियों को कंफर्म बर्थ की सुविधा मिल सकेगी।

# सीई के रिश्तेदार के नाम पर है ज्वेलरी और डायमंड शॉप

- बिहार और झारखंड में चल रही सीबीआई की जांच

**बिलासपुर**। सीबीआई की जांच में पता चला है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के चीफ इंजीनियर विशाल आनंद के रिश्तेदारों के नाम पर रांची में ज्वेलरी और डायमंड शॉप भी है। अन्य स्थानों के साथ बिहार व बिलासपुर जोनल मुख्यालय में सीबीआई की दोनों टीम जांच करते हुए दस्तावेज खंगाल रही है।

32 लाख रुपए की रिश्वत लेने के मामले में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन मुख्यालय के कंस्ट्रक्शन विभाग में रोड एंड सेफ्टी ओपन लाइन के मुख्य अभियंता विशाल आनंद के खिलाफ सीबीआई की जांच जारी है। इस मामले में सीबीआई की टीम चीफ इंजीनियर के कार्यों के संबंध में दस्तावेज को खंगाल रही है, जिसके तहत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से भी पूछताछ की जा रही है। वहीं रांची और बिहार में भी सीबीआई को चीफ इंजीनियर के करोड़पति आसामी होने की जानकारी मिली है। टीम ने अब तक छापेमारी में रांची के आवास से 20 लाख नकद और एक किलोग्राम सोना, बिलासपुर स्थित निवास से 18 लाख रुपए नकद और अन्य स्थानों से राशि मिलाकर 70 लाख रुपए जब्त किया है। वहीं सीबीआई की टीम के पास जांच में सामने आया है कि चीफ इंजीनियर विशाल आनंद और उनके परिजन के नाम पर रांची में ज्वेलरी और डायमंड शॉप, रेडीमेड गारमेंट्स का शोरूम सहित फ्लैट्स और एक काम्पलेक्स है।

## स्काउट्स गाइड्स ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने निकाली साइकिल रैली

**बिलासपुर**। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा पर्यावरण एवं जल संरक्षण संदेश के लिए निकाली गई साइकिल यात्रा के समापन समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर संजय अग्रवाल कहा कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा राज्य भर में पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए किया गया साइकिल संदेश यात्रा निश्चित रूप से पर्यावरण और जल संरक्षण की दिशा में कारगर प्रयास है। उन्होंने कहा कि आज से 30 वर्ष पहले तक जल 20 फीट में मिल जाता था, गर्मी भी उतनी नहीं होती थी, जिस तरह से पर्यावरण दूषित हुआ है अगर हम सब समय रहते संरक्षण करने के लिए ध्यान नहीं देंगे तो आने वाली पीढ़ी को पानी के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव ने कहा कि छग स्काउट्स गाइड्स द्वारा आज 30 जिलों में एक साथ यह समारोह किया गया है। उन्होंने बताया कि 1 मई को पर्यावरण एवं जल संरक्षण संदेश साइकिल यात्रा का आयोजन किया गया। साइकिल यात्रा गांधी चौक से प्रारंभ होकर नेहरू चौक होते हुए राजेन्द्र नगर स्कूल तक संपन्न हुई। जिसका नेतृत्व सोमनाथ यादव ने किया।

# रिटायर्ड नर्स को गिराकर 34 हजार रुपए लूटकर भागा युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बैंक से पैसा निकालकर पैदल जा रही रिटायर्ड नर्स को एक युवक ने धक्का देकर गिरा दिया। उसके बाद 34 हजार रुपए सहित थैला लूटकर भाग निकला। पुलिस लुटेरे युवक को पकड़ नहीं पाई है।



कोतवाली पुलिस के अनुसार, कस्तूरबा नगर कारगील चौक निवासी रिटायर्ड नर्स मनोरमा मसीह पति शांती एल मसीह 30 अप्रैल को पेंशन की राशि भारतीय स्टेट बैंक नेहरू चौक से 23 हजार रुपए निकालकर आटो से टिकरापारा मामा भांजा तालाब के पास यूको बैंक गई। उन्होंने अपने खाते 11 हजार रुपए निकाला। इस तरह से उन्होंने कुल 34 हजार रुपए गुलाबी पर्स में रखकर उसे कपड़े के थैले में रख लिया। वे बैंक से शिवटाकीज चौक की ओर पैदल जा रही थीं। मामा भांजा तालाब के पास पीछे से एक युवक आया और उन्हें धक्का देकर गिरा दिया। उसके बाद 34 हजार रुपए सहित थैला लूटकर मन्नू चौक की ओर भाग गया। उन्होंने फोन से घटना की सूचना घर में दी। उसके बाद उनका बेटा शशिकांत मसीह मौके पर आया और दोनों ने आसपास में युवक की तलाश की, किन्तु वह नहीं मिला। श्रीमती मसीह ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 304 के तहत जुर्म दर्ज कर युवक की तलाश में जुट गई है।

## खबर संक्षेप



### आंगन में शिक्षा के तहत जिले में मनाया गया पढ़ाई तिहार

**कोरबा।** अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के तहत 25 अप्रैल को पूरे जिले में पढाई तिहार मनाया गया। इसमें कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले बालवाड़ी, आंगनवाड़ी केन्द्रों के बच्चों ने भाग लिया । बच्चों और उनके माताओं को निमंत्रण दिया गया था। पढ़ाई तिहार मेला में सम्मिलित होने के लिए , तथा इस प्रोग्राम में बड़े ही उत्साह से माताओं वा बच्चों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस प्रकार प्रत्येक प्राथमिक शाला में पढ़ाई तिहार धूमधाम से मनाया गया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री टी पी उपाध्याय ने बताया कि पढ़ाई तिहार के आयोजन से पालक व समुदाय स्कूल से जुड़ते हैं। माताएं अपने बच्चों को घरेलू सामग्रियों से पढ़ने लगे हैं जो एफ एल एन के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक भूमिका निभा रहे हैं। जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा श्री मनोज पांडे ने कहा कि अंगना म शिक्षा पढ़ाई तिहार 4.0 का उद्देश्य माता को जागरुक कर बच्चों को उचित माहौल और प्रोत्साहित करके घरेलू कार्यों के साथ-साथ खेल-खेल में बच्चों को सीखना है। जिला नोडल श्रीमती राजेश्वरी चन्द्रा ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 की लक्ष्यों को पूरा करने के लिए अंगना म शिक्षा छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है जो की शिक्षा के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है।

### छत्तीसगढ़ सर्वब्राह्मण कल्याण समाज ने मनाया परशुराम जयंती



**हरदीबाजार।** परशुराम भवन में भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव के अवसर पर बुधवार अक्षय तृतीया को विप्र बंधु सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा पूजापाठ कर क्षेत्र में व समाज के उत्थान व परिवार में सुख शांति की कामना को लेकर महाआरती किया गया। इस दौरान समाज के अध्यक्ष अजय कुमार दुबे, उपाध्यक्ष रेखराम पांडे, सचिव दिनेश गुरुद्वान, रमाकांत गुरुद्वान, मदन गुरुद्वान, योगेन्द्र शर्मा, विनोद उपाध्याय, प्रदीप पांडे,दिनेश बाजपेई सहित समाज के वरिष्ट जन उपस्थित रहे।

### समर कैम्प का किया गया शुभारंभ बच्चों को दी गई जानकारी

**कोरबा।** श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल के द्वारा इस वर्ष समर कैम्प 28 अप्रैल से 7 मई तक का अयोजन स्कूल परिषद में किया गया जिसमें बच्चों को अन्य विषयों की जानकारी के साथ साथ विभिन्न कलाओं के बारे में बताया गया। इस अवसर पर श्री अग्रसेन शिक्षण समिति विद्यालय के अध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल ने कहा कि दस दिवसीय समर कैम्प में छोटे से बडे बच्चों का विकास हो समर कैम्प में हम पिकनिक का भी अयोजन कर रहे हैं जिससे उन्हें अन्य जानकारी भी मिल सके व मनोरंजन भी हो सके। अग्रवाल सभा के सचिव गोपाल अग्रवाल ने कहा कि बच्चे पढाई के समय अन्य विषयों पर ध्यान नहीं देते है लेकिन समर कैम्प के अयोजन से उन्हे अन्य विषय कि जानकारी हो जाती है उन्हें कई विषय सिखने का सुनहर अवसर भी मिलता है। पार्षद टामेश अग्रवाल ने कहा कि समर कैम्प बच्चों के विकास के लिए बहुत ही जरूरी है उन्हें इस कैम्प से एक नई उर्जा मिलती है इसके साथ ही उन्हें यूनिट में कैसे कार्य करें इसकी की प्रेरणा मिलती है।

### कोरबी-मुड़ापार की सड़क खराब राहगीर हो रहे परेशान

**कोरबा।** कोरबी से मुड़ापार की सडक़ खराब हो चुकी है। इसकी मरम्मत के नाम पर मुरुम की जगह सडक़ पर मिट्टी डाल दी गई है। बारिश होने से अब बाइक फिसल रही है। इससे हादसे का डर बना हुआ है। ठेकेदार की लापरवाही से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। डीएमएफ फंड की 1 करोड़ 81 लाख 93 हजार रुपए की लागत से पीडब्ल्यूडी विभाग ने मुड़ापार से कोरबी सडक़ का निर्माण कराया था। 5 साल से सडक़ खराब है।इस कारण ग्रामीणों को आवाजाही में परेशानी होती है। सडक़ मरम्मतीकरण के लिए ठेकेदार ने मुरुम की जगह सडक़ पर मिट्टी डंप करा दी है।

## निधन

### सुमित दुहलानी



**कटघोरा।** जिले के युवा कांग्रेस इकाई के सक्रिय नेता और युवाओं के बीच लोकप्रिय कटघोरा निवासी 37 वर्षीय सुमित दुहलानी का निधन हो गया। उन्हें हृदयघात के बाद अस्पताल ले जाया गया था जहां उन्होंने आखिरी सांस ली। सुमित दुहलानी के निधन से कांग्रेस परिवार समेत समूचे कटघोरा नगर में शोक की लहर है। सुमित दुहलानी कटघोरा कांग्रेस के सक्रिय नेता थे। कांग्रेस के बड़े नेताओं ने उनके आकस्मिक निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। सुमित दुहलानी का अंतिम संस्कार 2 मई को सुबह 11 बजे मलदाघाट स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### एसईसीएल मुख्यालय में मनाया गया खनिक दिवस, श्रमवीर हुए पुरस्कृत

# श्रमिक साथियों की कर्तव्यनिष्ठा हमारी प्रगति के मूल में है: हरीश दुहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर स्थित आडिटोरियम में गुरूवार को खनिक दिवस का आयोजन अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस दौरान सीएमडी श्री दुहन ने उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को खनिक दिवस की बधाई देते हुए कहा हमारे श्रमबल की मेहनत एवम लगन की बदौलत आज कोयला उद्योग में एसईसीएल महत्वपूर्ण स्थान रखता है । हम सभी एक टीम के सदस्य के रूप में कार्य करेंगे तथा जो भी चुनौतियां है उनका मिलकर समाधान निकालेंगे।

इस दौरान बेस्ट एरिया परफारमेन्स-ग्रुप-ए-प्रथम-रायगढ़ एरिया, द्वितीय-गेवरा एरिया, तृतीय-दीपका एरिया रहा। ग्रुप-बी-प्रथम-भटगाव एरिया, द्वितीय-जमुना कोतमा एरिया, तृतीय-सोहागपुर एरिया रहा। ग्रुप-सी-प्रथम-जोहिला एरिया, द्वितीय-बैकुंठपुर एरिया, तृतीय-बिश्रामपुर एरिया रहा। बेस्ट ओपनकास्ट परफार्मेन्स-ग्रुप-ए-प्रथम-जगन्नाथपुर ओसी, द्वितीय-छाल ओसी, तृतीय-मानिकपुर ओसी रहा। ग्रुप बी-प्रथम-आमाडांड ओसी, द्वितीय-अमलाई ओसी, तृतीय-जामपाली ओसी रहा। ग्रुप सी-प्रथम-राजनगर ओसी, द्वितीय-कंचन ओसी, तृतीय-रामपुर बटुरा ओसी रहा। बेस्ट अंडरग्राउंड परफार्मेन्स ग्रुप-ए-प्रथम-रानीअटारी यूजी, द्वितीय-विजय वेस्ट यूजी, तृतीय-गायत्री यूजी रहा। बेस्ट एलएचडी आपरेटर-प्रथम-छत्रपाल सिंह झिलमिली बैकुंठपुर, द्वितीय-परमेश्वर प्रसाद झिरिया यूजी हसदेव, तृतीय-राजनाथ कुरासिया यूजी चिरमिरी रहे। बेस्ट यूडीएम आपरेटर-प्रथम-श्रवण कुमार झिलमिली यूजी बैकुण्ठपुर, द्वितीय-पुरुषोत्तम दास पटेल पाली जोहिला, तृतीय-बबला परिदा कुरासिया यूजी चिरमिरी रहे। बेस्ट अण्डरग्राऊंड वर्कर-प्रथम-लक्ष्मी प्रसाद पांडवपारा यूजी बैकुंठपुर, द्वितीय-बेशाहू भटगांव यूजी भटगांव, तृतीय-मेवालाल यादव हल्दिबारी यूजी हसदेव रहे। इस दौरान निदेशक तकनीकी संचालन सह योजना-परियोजना एन फ्रेंकलिन जयकुमार, निदेशक (एचआर) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, पूर्व निदेशक (एचआर) आरएस सिंह, एसईसीएल संचालन समिति के नाथूलाल पाण्डेय (एचएमएस), सुजीत कुमार सिंह (बीएमएस), अजय विश्वकर्मा (एटक), गोपाल नारायण सिंह (एसईकेएमसी), वीएम मनोहर (सीटू), एके पाण्डेय सहितविभिन्न श्रमसंघ प्रतिनिधियों व अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति में किया गया।



खनिज दिवस के अवसर पर अधिकारी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देते सीएमडी श्री दुहन।



## एटक ने मनाया मजदूर दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मई दिवस के अवसर पर एटक यूनियन के द्वारा वाहन रैली निकाली गई। जिसके बाद एटक कार्यालय में कामरेड दीपेश मिश्रा द्वारा ध्वजारोहण किया गया एंव मजदूर आंदोलन में जान निछावर करने वाले शहीदों का नमन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए एटक के दीपेश मिश्रा ने कहा कि आज भी पूरे विश्व मे श्रम एवं पूंजी के बीच विकास से जुड़ी हिस्सेदारी को लेकर विवाद है। उन्होंने आगे कहा कि पूरे दुनिया भर के तमाम देशों मे ग्लोबलाइजेशन (भूमंडलीकरण) के कारण श्रमिकों और पूंजीपतियों के रिश्तों मे जबरदस्त तनाव बढ़ रहा है। हिंदुस्तान में वर्ष 1991 से आर्थिक उदारीकरण की शुरुआत हुई, जिसमें कहा गया था कि नई आर्थिक नीति से रोजगार तेजी से बढ़ेंगे। लेकिन वैसा कुछ हुआ नहीं उसके उलट सरकारी क्षेत्र में नौकरियां घट गई यहाँ तक की निजी क्षेत्र मे भी रोजगार मे कोई दमदार बढ़ोतरी नहीं हुई है जो सर्व विदित है। उन्होंने आगे कहा कि मौजूदा सरकार कुछ चुनिंदा उद्योगपतियों को फायदा पंहुचाने के लिए मौजूदा 44 श्रम कानूनों को समेट कर चार लेबर कोड में तब्दील करने जा रही है जिसका सभी श्रम संगठन विरोध कर रहे हैं। मौजूदा सरकार के देश विरोधी ,जनविरोधी और मजदूर विरोधी नितियों के खिलाफ केंद्रीय श्रम संगठनों ने 20 मई को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल का ऐलान किया है। कार्यक्रम के दौरान कामरेड सुभाष सिंह, राजेश पांडे, नंद किशोर साव, राजू श्रीवास्तव, एसएनगिरी, एसके प्रसाद, सुबोध सागर, सुबोल दास, मनोज श्रीवास सतीश मसीह ,अनिरमन मुखर्जी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## इंडियन पब्लिक स्कूल पाली का परीक्षा परिणाम हुआ घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



इंडियन पब्लिक स्कूल पाली के संचालक राकेश मिश्रा के मार्गदर्शन एव निर्देशानुसार में शैक्षणिक सत्र 2024-25 का रिजल्ट घोषित करते हुए अंकसूची का वितरण मुख्य अतिथि सुनील साहू पार्षद के द्वारा किया गया और उनके द्वारा सभी सफल विद्यार्थीयो को शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि जीवन में बिना मेहनत एवं संघर्ष के कुछ भी नही मिलता है इसलिए आप सभी विद्यार्थी धैर्य और लगन से मेहनत करतें रहे और सीखते सफलता निश्चित ही मिलेगा इतना कहते हुए उनहोंने फिर से सभी विद्यार्थीयो को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं और बधाई दिया। इसके पश्चात इंडियन पब्लिक स्कूल पाली के प्रिसिंपल विनोद शर्मा ने कहा कि संघर्ष ही जीवन है यदि आप किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करना चाहते हैं तो बिना निराश हुए लगातार मेहनत करतें रहे और सीखते हुए धैर्य के साथ आगे बढ़ते रहे फिर सफलता निश्चित है इतना कहते हुए उन्होंने सभी विद्यार्थीयो को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं और बधाई दिया इसके पश्चात इंडियन पब्लिक स्कूल पाली के वाइस प्रिंसिपल क्षितिज पंथ ने सभी विद्यार्थी को उनके इस शानदार सफलता के लिए शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि अनुशासन ही सफलता की पहली सीढ़ी है इसलिए आप आप सभी धैर्य के साथ मेहनत करतें रहे आगे बढ़ते रहे।

### अग्रवाल सभा बरपाली का अक्षय तृतीया पर विशेष आयोजन

**बरपाली।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अग्रवाल सभा बरपाली ने अक्षय तृतीया (अक्ती) के शुभ अवसर पर सार्वजनिक शीतल जल पियाउ का शुभारंभ किया। इस आयोजन का उद्देश्य गर्मियों में आम जनता को ठंडे जल की सुविधा प्रदान करना है। कार्यक्रम अध्यक्ष किशन अग्रवाल, सचिव संदीप अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, सह सचिव राकेश अग्रवाल, अन्य प्रमुख सदस्य मुरारीलाल अग्रवाल, अजय अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल उपस्थित रहे। इस आयोजन ने समाज में सेवा और सहयोग की भावना को और मजबूत किया। सभा की टीम ने अपने सामूहिक प्रयासों से इस कार्य को सफल बनाया।



## अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर उनके अधिकारों के संबंध में दी गई विधिक जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के स्टेट प्लान आफ एक्शन के अनुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर श्रमिकों को कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दिये जाने के प्रयोजनार्थ कु. डिम्पल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा (छ0ग0) द्वारा मजदूरों के हितों के संबंध में भारत एल्युमिनियम एम्पलाईज यूनियन (सीटू) कार्यालय बालकोनगर में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों को उनके वैधानिक अधिकारों एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा ने मजदूरों को संबोधित करते हुये बताया कि कानून के समक्ष सभी को समान अधिकार प्राप्त है और उन्हें अपने अधिकारों का उपयोग करने का अधिकार है। भारतीय संविधान को नजर रखते हुये मजदूरों के लिए भी कई निश्चित प्रावधान निहित है। मजदूरों के लिए किये गये काम के लिए निश्चित घंटे निर्धारित किये गये हैं। मजदूरों के हितों को देखते हुये उनके न्याय हेतु श्रम न्यायालय का निर्माण किया गया है ताकि मजदूरों के साथ हो रहे अत्याचारों की रोकथाम की जाये और उन्हें सही न्याय मिल सके। देश की प्रगति में श्रमिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सभी कानूनों की उत्पत्ति भारतीय संविधान से होती है। उनके द्वारा श्रमिकों को शोषण से बचने के लिए कानूनी उपायों, न्यूनतम मजदूरी, सुरक्षित कार्यस्थल, श्रमिक कल्याण योजना और सामाजिक सुरक्षा एवं नालसा द्वारा चलाये जा रहे योजना असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं तथा 10 मई को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के संबंध में जानकारी दी गई।





## अक्षय तृतीया पर सामूहिक विवाह का आयोजन, पूर्व मंत्री हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अक्षय तृतीया के दिन प्रतिवर्ष होने वाले सामुहिक विवाह में इस बार शोभा टाह फाउण्डेशन के द्वारा बिलासपुर के जगन्नाथ मंगलम में किया गया। शोभा टाह फाउण्डेशन के संस्थापक अनिह टाह ने बताया कि प्रतिवर्ष अक्षय तृतीया के दिन कन्या दान महायज्ञ का आयोजन किया जाता है, यह वर्ष 12वां वर्ष है। इस वर्ष 10 बेटियों का विवाह संपन्न हुआ है । इस मौके पर विशेष रूप से उपस्थित पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने सभी नव दांपत्य जोड़ों को आशीष देते हुए कहा कि निर्धन परिवारों की बेटियों को सम्मानजनक एवं गरिमापूर्ण आयोजन के द्वारा पूरी विधि विधान से विवाह करना महान पुनीत कार्य होता है। मैं शोभा टाह फाउण्डेशन के सभी सदस्यों को इस पुनीत कार्य के बधाई देता हूं ।

## वितरण कंपनी के कर्मियों को सामूहिक दुर्घटना बीमा का मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा कर्मचारियों व अधिकारियों को सामूहिक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा की अवधि 1 वर्ष के लिए पुनरीक्षित की गई है। यह योजना कंपनी के नियमित अधिकारियों- कर्मचारियों, लाइन परिचालक संविदा कर्मी सहित उन सभी पर लागू होगी जो राज्य बीमा अधिनियम के अंतर्गत शासित नहीं है। वर्ष 2025-26 के लिए डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के 8180 अधिकारियों-कर्मचारियों को यह सुविधा दी जा रही है। दावा राशि के भुगतान हेतु 30 दिन की समय सीमा तय की गई है।

योजना के तहत कार्य अवधि में मृत्यु होने पर जोखिम राशि रुपए 15 लाख एवं कार्य अवधि के अलावा अन्य अवधि में दुर्घटनावश मृत्यु होने पर राशि रुपए 5 लाख प्रति व्यक्ति का प्रावधान किया गया है। कंपनी द्वारा दुर्घटना की जानकारी अनिवार्य रूप से बीमा कंपनी को 24 घंटे के अंदर देना सुनिश्चित करना होगा। साथ ही 30 दिन के अंदर दस्तावेजों की प्रतियां औद्योगिक संबंध ,मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) कार्यालयों से परीक्षण कराके बीमा कंपनी को भेजना अनिवार्य होगा। दस्तावेजों को भेजने हेतु मंडल प्रबंधक, मंडल कार्यालय मैसर्स दि न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम तल, एलआईसी व्यावसायिक परिसर पंडरी रायपुर छत्तीसगढ़, दूरभाष क्रमांक 95842-91088 में प्रेषित करना होगा। यह योजना गैर अंशदायी प्रकृति पर आधारित है, यानी छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा वार्षिक प्रीमियम राशि,बीमा कंपनी को देय होगी। प्रकरणों के त्वरित निदान हेतु वितरण कंपनी प्रबंधन ने परिपत्र जारी कर निर्देशित किया कि नियमों के परिपालन नहीं करने या विलंब की स्थिति में संबंधित कार्यालय प्रमुख कनिष्ठ यंत्री/सहायक यंत्री/कार्यपालन यंत्री एवं अनुभाग अधिकारी/संभागीय लेखापाल की जवाबदारी होगी।

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी गई विदाई

**कोरबा।** हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम से अप्रैल माह में कार्यपालन अभियंता अनुप कुमार मिश्रा, वरिष्ठ पर्यवेक्षक दामोदर प्रसाद साहू, कनिष्ठ पर्यवेक्षक जनीराम कर्ष, महेश कुमार सिंह, चिंताराम कैवर्त एवं एएनएम. बानी बिश्वास सेवानिवृत्त हो गईं। सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालन अभियंता एवं कर्मचारियों को पॉवर कंपनी परिवार की ओर से भावपूर्ण विदाई दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष मुख्य अभियंता पीके श्रीवास्तव ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए पॉवर कंपनी की ओर से आभार जताया। मुख्य अभियंता के हाथों सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्मृति चिह्न व सेवा प्रमाण-पत्र भेंट किया गया। समारोह में विशिष्टि अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता एमके गुप्ता, पीके स्वैन और केएनबी राव की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## सेवानिवृत्त चार एसईसीएल कर्मियों को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से सेवानिवृत्त होने वाले 4 कर्मियों को मुख्यालय बिलासपुर स्थित सीएमडी सभाकक्ष में शाल, श्रीफल, पुष्पहार से सम्मानित कर समस्त भुगतान का चेक प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गई। मुख्यालय प्रशासनिक भवन के कान्फ्रेन्स हाल में निदेशक तकनीकी एन फ्रैंकलिन जयकुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, विभिन्न विभागाध्यक्ष, अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति में जीपी शर्मा महाप्रबंधक विभागाध्यक्ष, सुरक्षा एवं बचाव विभाग, श्रीमती विनीता फैज़ापुरकर सहायक प्रबंधक, सिस्टम विभाग, श्रीमती कावेरी रॉय चौधरी, वरिष्ठ निजी सहायक ए-1, मानव संसाधन विकास विभाग एवं शुभ्र कांति कर लेखापाल ए-1, विक्रय एवं विपणन विभाग को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गई। इस अवसर पर शीर्ष प्रबंधन ने अपने-अपने उद्बोधन में कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारी के योगदान, कार्यकौशल से ही कम्पनी सफलता के इस मुकाम पर पहुँची है।

### //शपथ पत्र//

मैं पवन कुमार चौहान उम्र लगभग 47 वर्ष आ० स्व० धनीराम चौहान निवासी क्वा०नं० एफ-25 अलखनंदा विहार एचटीपीपी कालोनी दर्री तहसील दर्री जिला कोरबा (छ०ग०) का होकर निम्नांकित कथन शपथ पूर्वक करता हूँ कि :

1) यह कि मैं ह०ज०वि०गृ० माचाडोली में कार्यालय सहायक- ।। के पद पर अधीक्षण यंत्री संचा०-संधा० में पदस्थ हूँ। मेरा कर्मचारी संख्या 14140020 है।

2) यह कि मेरा सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम पवन कुमार चौहान PAWAN KUMAR CHOUHAN दर्ज है।

3) यह कि मेरा नाम पर जारी आधार कार्ड एवं अन्य सभी दस्तावेजों में नाम पवन कुमार चौहान PAWAN KUMAR CHAUHAN दर्ज है।

4) यह कि कि सर्विस रिकार्ड में दर्ज नाम पवन कुमार चौहान PAWAN KUMAR CHOUHAN के जगह पवन कुमार चौहान PAWAN KUMAR CHAUHAN सुधार कर दर्ज कराना चाहता हूँ।

5) यह कि यह शपथ पत्र उपरोक्त कथन के समर्थन में मेरे द्वारा निष्पादित है। जिसे आवश्यकतानुसार संबंधित विभाग / कार्यालय में प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ता
पवन कुमार चौहान

## कोरबा मार्केट











1 korba-pg4_Layout 1 5/1/2025 11:47 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### अनिरुद्ध ने बढ़ाया जिले का मान, कैट में हासिल किया 99 प्रतिशत अंक



**कोरबा।** प्रतिभाशाली छात्र अनिरुद्ध शर्मा ने 2 मई को देश के प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थान आईआईएम अहमदाबाद में एमबीए में एडमीशन प्राप्त कर कोरबा का मान बढ़ाया है। अनिरुद्ध ने कैट परीक्षा में 99.92 परसेन्टाइल हासिल की थी। कैट परीक्षा के अंकों के आधार पर उन्हें अहमदाबाद, बैंगलोर, कोलकता, कोझीकोड़ एवं अन्य प्रतिष्ठित आईआईएम से इंटरव्यू कॉल लैटर प्राप्त हुआ था। इंटरव्यू एवं एनालिटिकल राइटिंग टैस्ट में छात्र के श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर उन्हें आईआईएम अहमदाबाद, बैंगलोर एवं कोझीकोड़ में एमबीए में एडमीशन लैटर प्राप्त हुआ है। आई.आई.एम बैंगलोर देश का दूसरा सबसे प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थान है। अनिरुद्ध ने कैट परीक्षा एवं इंटरव्यू की तैयारी के लिए किसी कोचिंग सेंटर या अन्य की मदद नहीं ली। सेल्फ स्टडी के द्वारा ही उन्होंने यह उपलब्धि प्राप्त की है। अनिरुद्ध आईआईटी, बीएचयू से केमिकल इंजीनियरिंग में बीटेक हैं एवं कक्षा प्रैप से 12वीं तक दिल्ली पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी, कोरबा के छात्र रहे हैं। स्कूल छात्र रहने के समय से ही अपनी सादगी, विनम्रता एवं प्रतिभा के लिए जाने जाते हैं। दिल्ली पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी, कोरबा विद्यालय प्रबंधन सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ, स्टाफ के सदस्यों एवं शुभचिंतकों ने उनकी इस उपलब्धि पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की है।

### बिजली कटौती को लेकर सौंपा ज्ञापन



**कोरबा।** महाराणा प्रताप नगर कॉलोनी वार्ड क्रमांक 27 में पिछले कई दिनों से हो रही लगातार बिजली कटौती से परेशान कॉलोनी वासियों ने पार्षद प्रतिनिधि दिनेश वैष्णव के नेतृत्व में विद्युत वितरण विभाग के अधिकारी अनुभा लकड़ा से मुलाकात की। उन्होंने बिजली सप्लाई में सुधार के लिए पत्र सौंपा। जिसमें कॉलोनी वासियों को हो रही दिक्कतों से अवगत कराया गया। पार्षद प्रतिनिधि और अन्य सदस्यों ने वितरण विभाग से जल्द से जल्द बिजली व्यवस्था में सुधार करने की मांग की है, जिससे लोगों को राहत मिल सके।

### बाल विहार हायर सेकेंडरी स्कूल के अध्यक्ष बने राकेश



**कोरबा।** परमेश्वरी नारायण लोक शिक्षण संस्थान कोरबा द्वारा संचालित बाल विहार हायर सेकेंडरी स्कूल पंप हाउस कोरबा के कार्यकारिणी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पद पर राकेश अरोरा को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सचिव शरद कुमार दुबे, कोषाध्यक्ष इंद्राज सिंह भाटिया, सहसचिव सुनील कोटवानी, एवं कार्यकारिणी सदस्य पद पर नवीन अरोरा एवं टी रामानी को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राकेश अरोरा ने सभी क्षेत्र मे विद्यालय के विकास और सुधार करने पर प्रतिबद्धता जताई एवं समस्त स्टाफ को गणवेश उपलब्ध करवाने की घोषणा किए। निवर्तमान अध्यक्ष किशोर कुमार अग्रवाल जी ने विद्यालय के लिए 10 कम्प्यूटर, 1 लेपटोप, 1 प्रोजेक्टर उपलब्ध करवाने और पानी सुविधा हेतु एक बोर लगवाने की घोषणा किए। उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने 15 दिन के अन्दर विद्यालय मे एक इनवर्टर उपलब्ध करवाने की घोषणा किए। कार्यक्रम के दौरान सभी सदस्यो ने अपने विचार व्यक्त किए और शिक्षक शिक्षिकाओ ने भी विद्यालय के विकास पर अपने विचार और सुझाव दिए और सभी नवीन कार्यकारिणी समिति सदस्यो को शुभ कामनाएँ दिए। इस अवसर पर सभी सम्माननीय पदाधिकारीगण, सदस्य और स्टाफ उपस्थित थे।

### ब्रह्माकुमारी में 15 दिवसीय बाल व्यक्तित्व विकास शिविर शुरु



**कोरबा।** बालकों में बच्चों के आंतरिक विकास के लिए लिए बाल व्यक्तित्व विकास शिविर 1 से 15 मई तक आयोजित किया गया है। जिसका गुरुवार को शुभारंभ किया गया है। जिसमें पार्षद हितानंद अग्रवाल, समाजसेवी प्रदीप, ब्रह्माकुमारी विद्या दीदी, परमेश्वरी दीदी, लव, कमलेश, बच्चे व अभिभावकों के साथ दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन किया गया।

## सभापति ने मोतीसागरपारा स्थित गैस शव दाह गृह का किया निरीक्षण

# सफेद हाथी साबित हुआ गैस शवदाह गृह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम के सभापति नूतनसिंह ठाकुर ने मोतीसागर मुक्तिधाम का निरीक्षण किया। मुक्तिधाम परिसर में संचालित किए जाने वाले गैस चलित शवदाह गृह के रखरखाव में लापरवाही एवं लाखों की मशीनों के कबाड़ बनने पर सभापति ने नाराजगी जताई। सभापति ने निगम अधिकारियों को संबंधित फर्म पर कार्रवाई करने तथा शीघ्र मशीनों को चालू करने का निर्देश दिया। मुक्तिधाम परिसर में साफ-सफाई और उद्यान के विकास के लिए भी निगम अधिकारियों को निर्देश दिया।

उल्लेखनीय है कि महानगरों की तर्ज पर शवो के अंतिम संस्कार के लिए वर्ष 2020 में मोतीसागर पारा स्थित मुक्तिधाम में गैस चलित शवदाह गृह की स्थापना किया गया था। शवों के अंतिम संस्कार में लकड़ियों के उपयोग से पर्यावरण को भारी नुकसान होता है, जिसे देखते हुए शासन ने बड़े शहरों में इलेक्ट्रॉनिक एवं गैस चलीत शवदाह गृह की स्थापना का लक्ष्य रखा था। इसी कड़ी में मोतीसागरपारा स्थित मुक्तिधाम में लगभग 50 लाख की लागत से गैस चलित शवदाह की स्थापना किया गया। तीन साल की अवधि में मशीनो की रखरखाव की जिम्मेदारी भी रायपुर के फॉर्म को सौंप गई थी लेकिन शवदाह गृह के स्थापना के बाद आज तक किसी भी लाश का अंतिम संस्कार वहां पर नहीं किया जा सका।

सभापति श्री ठाकुर ने निगम आयुक्त को संबंधित फर्म व ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई करने को निर्देश दिया है। नगर निगम के उपेक्षा और समुचित निगरानी के अभाव में लाखों रुपए खर्च कर बनाया गया गैस चलित शवदाह गृह का लाभ आम जनता नहीं उठा सके, जबकि बड़े शहरों में इलेक्ट्रॉनिक एवं गैस चलित शवदाह गृह की सुविधा का लाभ आम नागरिक उठा रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण के साथ ही आम जनता के लिए गैस चलित शवदाह गृह सुविधाजनक है।



निरीक्षण करते सभापति व अन्य।

# बाराती से भरी बोलेरो अनियंत्रित होकर पलटी



दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुण्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रेमनगर मोहन हार्डवेयर के पास एक बाराती बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी -12- बीसी -8167 अनियंत्रित होकर पलट गई। बोलेरो में सवार लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए, जिन्हें आसपास के राहगीरों की मदद से कोरबा अस्पताल भेजा गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो वाहन की गति तेज रफ्तार थी, साथ ही कुछ लोग शराब के नशे में धुत थे। दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो रात्रि लगभग 10 बजे कुसमुंडा की ओर से सुराकछार की ओर जा रही थी। दुर्घटनाग्रस्त वाहन तेज रफ्तार में था और दो-तीन बार पलटी मारते हुए मोहन हार्डवेयर के पास स्थित पेड़ में जा टकराया। घटना की जानकारी लोगों द्वारा कुसमुंडा पुलिस को दी गई और घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है।

# स्काउट्स गाइड्स ने निकाली पर्यावरण जल सरंक्षण हेतु साइकिल संदेश रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



गुरुवार की प्रातः भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा पर्यावरण एवं जल सरंक्षण हेतु साइकिल संदेश रैली निकाली गई। गुरुवार की सुबह प्रातः 7 बजे निकाली गई साइकिल संदेश रैली में कोरबा शहर के स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स तथा लीडर्स सम्मिलित हुए। पर्यावरण एवं जल सरंक्षण का संदेश वाले नारे लिखित बैनर, तख्तियों के साथ साइकिल रैली कलेक्टोरट से प्रारंभ हुई। जिला खेल अधिकारी दिनु पटेल, सहायक खेल अधिकारी आरके साहू ने साइकिल संदेश रैली को हरी झण्डी दिखा रवाना किया। इस मौके पर जिला मुख्य आयुक्त मोहम्मद सादिक शेख भी उपस्थित रहे। नारे लगाते हुए रैली कोसाबाड़ी चौक, नेताजी सुभाषचन्द्र चौक से विद्युत गृह स्कूल मार्ग, आईटीआई- बुधवारी रोड तानसेन चौक होते हुए कलेक्टोरट में समाप्त हुई। यहा पर सभी को स्वल्पाहार कराया गया। राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव के मार्गदर्शन में पर्यावरण एवं जल सरंक्षण हेतु साइकिल संदेश रैली का आयोजन राज्य के सभी जिलों में किया गया। साइकिल संदेश रैली भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की स्थापना के 75 वर्ष के परिप्रेक्ष्य में आयोजित की गई। इस दौरान जिला सचिव भरत सिंह वर्मा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) गनेशी सोनकर, डीओसी द्वय डीगम्बर सिंह कौशिक, उत्तरा मानिकपुरी सहित लीडर्स पूर्णिमा भट्टाचार्य, रेणु श्रीवास्तव, नमिता कड़वे, आरपी दुबे, कौशल सोनवानी, राजीव साहू, जिम्स कश्यप, आसमा कुरैशी, जगन्नाथ नेताम, राज नारायण सिंह आदि की उपस्थिति रही।

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय जमनीपाली में पुरातत्व पर सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, जमनीपाली में चल रहे समर कैंप के अंतर्गत 1 मई को पुरातात्विक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस शैक्षिक कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुरातत्व विज्ञान, जिले की ऐतिहासिक विरासत और मानव सभ्यता के विकास के बारे में जागरूक करना था। इस सेमिनार के मुख्य संसाधन व्यक्ति हरि सिंह छत्तरी थे, जो जिला पुरातत्व विभाग से जुड़े हैं और वर्तमान में जिला संग्रहालय, कोरबा के प्रबंधक के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पुरातत्व के महत्व के बारे में विस्तार से बताया और यह समझाया कि किस प्रकार यह विज्ञान हमें हमारे अतीत से जोड़ता है। श्री छत्तरी ने जिले में प्राप्त प्राचीन औजारों और जीवाश्मों (फॉसिल्स) को भी छात्रों के सामने प्रदर्शित किया, जिससे विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष रूप से ऐतिहासिक अवशेषों को देखने और समझने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि ये अवशेष कैसे मानव जीवन की विकास यात्रा को दर्शाते हैं। उन्होंने गुफा मानव से लेकर कृषि आधारित समाज और प्रारंभिक स्थायी बस्तियों तक मानव विकास की पूरी प्रक्रिया को बेहद रोचक और संवादात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। यह प्रस्तुति छात्रों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक रही। करीब 40 से 50 छात्र-छात्राएं इस सेमिनार में सम्मिलित हुए और पूरे उत्साह के साथ सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम के अंत में एक प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पुरातत्व से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे। श्री छत्तरी ने सभी प्रश्नों के उत्तर सहज, रोचक और जानकारीपूर्ण ढंग से दिए। सभी विद्यार्थियों ने इस सेमिनार को अत्यंत प्रेरणादायक और शैक्षिक रूप से समृद्ध बताते हुए कहा कि इस अनुभव ने उन्हें अपने इतिहास, संस्कृति और विज्ञान के प्रति गहरी रुचि से भर दिया। विद्यालय प्रशासन ने छत्तरी का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अत्यंत उपयोगी हैं, और भविष्य में भी समर कैंप के अंतर्गत ऐसे आयोजन किए जाते रहेंगे।



सेमीनार में उपस्थित अतिथि व छात्र छात्राएं।

# हिट एंड रन अन्तर्गत कलेक्टर ने तीन मृतक के आश्रितों को दी 6 लाख की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

टक्कर मारकर भागना मोटरयान दुर्घटना पीड़ति प्रतिकर स्कीम- 2022 के अंतर्गत कलेक्टर अजीत वसंत ने तीन मृतक के आश्रितों हेतु कुल 6 लाख की राशि स्वीकृत की है। यह राशि जनरल इंश्योरेंस काउंसिल मुंबई द्वारा भुगतान किया जायेगा। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार 6 फरवरी 2024 को अज्ञात वाहन से स्थान बोईरदादर जिल्गा पर दुर्घटना के परिणाम स्वरूप वेदकुमार कंवर पिता नोहर सिंह कंवर निवासी बरपाली (जिल्गा) तहसील भैसमा जिला कोरबा की मृत्यु हुई, जिसमें मृतक के विधिक प्रतिनिधि / वारिसान के रूप में उसके पत्नि श्रीमती चंपा बाई पति स्व. वेदकुमार कंवर निवासी बरपाली (जिल्गा) तहसील भैसमा जिला कोरबा को प्रतिकर के रूप में रूपये 2 लाख स्वीकृत किया गया है। इसी तरह 16 फरवरी 2024 को अज्ञात वाहन से रिंग रोड बालको पर दुर्घटना के परिणाम स्वरूप अमित मिश्रा पिता कृष्ण मुरारी मिश्रा निवासी पाढ़ीमार डुग्गुपारा, कृष्णा विहार, पी.एस. कॉलोनी बालकोनगर कोरबा तहसील कोरबा जिला कोरबा की मृत्यु हुई, जिसमें मृतक के विधिक प्रतिनिधि / वारिसान के रूप में उसके पिता कृष्ण मुरारी मिश्रा पिता राम आधार मिश्रा निवासी पाढ़ीमार डुग्गुपारा, कृष्णा विहार, पी.एस. कॉलोनी बालको नगर कोरबा तहसील कोरबा जिला कोरबा को प्रतिकर के रूप में रूपये 2 लाख और 7 फरवरी 2024 को अज्ञात वाहन से स्थान बोईरदादर जिल्गा पर दुर्घटना के परिणाम स्वरूप प्रभुराम कंवर पिता मुकुत राम कंवर निवासी बरपाली (जिल्गा) तहसील भैसमा जिला कोरबा की मृत्यु हुई, जिसमें मृतक के विधिक प्रतिनिधि / वारिसान के रूप में उसकी पत्नि श्रीमती रामवती पति स्व. प्रभुराम कंवर निवासी बरपाली (जिल्गा) तहसील भैसमा जिला कोरबा को प्रतिकर के रूप में रूपये 2 लाख की राशि स्वीकृत किया गया है।यह राशि जनरल इंश्योरेंस काउंसिल मुंबई द्वारा भुगतान किया जायेगा।

# एनटीपीसी में चिकित्सा जांच शिविर का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एनटीपीसी द्वारा बालिका सशक्तिकरण मिशन 2025 की आगामी गतिविधियों में भाग लेने वाली प्रतिभागियों के लिए एनटीपीसी अस्पताल में एक व्यापक चिकित्सा जांच शिविर आयोजित किया गया। यह सक्रिय पहल एनटीपीसी की युवा बालिकाओं के समग्र विकास और उनके स्वास्थ्य एवं तंदुरुस्ती के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। चिकित्सा शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जांच जैसे कि ऊंचाई और वजन मापन, दृष्टि परीक्षण, हीमोग्लोबिन स्तर की जांच तथा अनुभवी चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा सामान्य शारीरिक परीक्षण किया गया। प्रत्येक प्रतिभागी की संपूर्ण जांच के लिए समर्पित स्वास्थ्य टीम ने पूरी सावधानी और सहानुभूति के साथ कार्य किया। इस शिविर में कुल 101 पंजीकृत बालिका सशक्तिकरण मिशन प्रतिभागियों में से 93 बालिकाओं की सफलतापूर्वक जांच की गई, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि अधिकतर प्रतिभागियों को समय पर आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हुईं। शिविर का संचालन डॉ.विनोद कोल्हटकर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रतिभा अर्चना दास, वरिष्ठ परामर्शदाता की देखरेख में किया गया। जिन्होंने प्रत्येक बालिका की समग्र और संवेदनशील जांच सुनिश्चित की। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक राजीव खन्ना, मैत्री महिला समिति अध्यक्ष श्रीमती रोली खन्ना ने शिविर का दौरा किया।

**खास बात**

- 101 बालिकाओं ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# संकल्प महिला मंडल की रूबी अध्यक्ष, संगीता बनी सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में संकल्प महिला मंडल (सीनियर क्लब) की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। चालू सत्र (2025-26) में अध्यक्ष रूबी श्रीवास्तव मनोनीत की गई हैं। उपाध्यक्ष प्रियंका पाटले, अभिलाषा गुप्ता, मिनती स्वेन, मनीषा पांडे, कविता पंड्या और अनुराधा राव बनाई गईं। सचिव-संगीता कोरम, सहसचिव-माधुरी जायसवाल व मंजूषा बरडिया, कोषाध्यक्ष हर्षिता श्रीवास्तव, क्रीड़ा सचिव-दिव्या देवांगन व कविता पटेल, सांस्कृतिक सचिव-स्वाति जैन व दीक्षा गुप्ता बनाई गई हैं। संकल्प महिला मंडल की सदस्याओं ने नई कार्यकारिणी समिति को बधाई देते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। नई कार्यकारिणी समिति ने भी महिला मंडल को ऊंचाइयों पर पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पुरानी कार्यकारिणी समिति (सत्र 2024-25) के पदाधिकारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए संकल्प महिला मंडल की अध्यक्ष रूबी श्रीवास्तव ने स्मृति चिह्न देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर संकल्प महिला मंडल की सदस्याएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।



संकल्प महिला मंडल की नई कार्यकारिणी।

# सप्तदेव मंदिर में भव्य मंगलपाठ शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बैसाख कृष्ण पक्ष की अमावस्या के अवसर पर श्री सप्तदेव मंदिर कोरबा में मां श्री राणीसती दादी का भव्य संगीतमय मंगलपाठ आयोजित किया गया। इस दिन मंदिर में दादी जी का सुंदर श्रृंगार किया गया। दोपहर 4 बजे से सायं 6 बजे तक शुभम गोयल एंड पार्टी द्वारा श्री राणीसती दादी चरित मानस का संगीतमय मंगलपाठ प्रस्तुत किया गया। सभी बहनों ने परंपरागत परिधान नथ, चूड़ा व चुनड़ी पहनकर एक लय व राग में सामूहिक मंगलपाठ किया। सायं 6 बजे मंगलपाठ के समापन पर भगवान को भोग अर्पित कर प्रसाद वितरण किया गया। मंगलपाठ के पश्चात मंदिर परिसर में श्री सप्तदेव मंदिर महिला मंडल समिति, अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंडल समिति एवं छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की महिला सदस्यों ने पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना में शहीद हुए वीरों को मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही इस वीभत्स कृत्य की तीव्र भर्त्सना की गई तथा देशवासियों से सतर्क रहने की अपील की गई।

# सेप्टिक टैंक में गिरा बैल किया गया रेक्स्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



ईमलीपारा मोहल्ले में एक नवनिर्माण मकान बन रहा है जहां मकान मालिक ने नया सैप्टिक टैंक बनवाया है। ठेकेदार के द्वारा उसे सुरक्षा के लिए सेटिंग प्लेट से ढ़ंका गया था, लेकर उस पर बैल चढ़ाए और उसके वजन को सह नहीं पाया और सेटिंग प्लेट टूट गया और बैल 8 फीट नीचे सैप्टिक टैंक में गिर गया था। मकान निर्माण का काम बंद होने से उसकी आवाज भी किसी ने नहीं सुनी। वहीं नजदीक में निवासरत पं.अमित शर्मा जब सुबह 10 बजे अपनी कार धो रहे थे तभी बैल की आवाज सुनाई दी। वे गौरक्षक भी है ने जाकर सैप्टिक टैंक में देखा तो एक बैल गिरा हुआ था, फिर क्या स्थानीय लोगों की सहायता से जेसीबी मशीन से खोदाई कर रैंप बनाकर सैप्टिक टैंक के नीचे से दिवाल तोड़ कर उसे सुरक्षित बाहर निकाला गया। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

